डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स

26 दिसंबर 2025

शुक्रवार





डीएम के निरीक्षण से जगी नई उम्मीद, केशोपुर जल शोध संयंत्र के विस्तार की बढ़ी आस 2


आपकी आवाज

प्रमुख खबरें : दिल्ली ■ पटना ■ बक्सर ■ शाहाबाद ■ मगध ■ सारण ■ मिथिलांचल ■ चंपारण ■ पूर्वांचल ■ लखनऊ

## एक नजर

### अटल कैंटीन से रोज एक लाख गरीबों की मिटेगी भूख

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के जन्मदिन पर दिल्ली सरकार ने 'अटल कैंटीन' योजना की शुरूआत कर दी। इस योजना में दिल्ली के 100 अलग-अलग स्थानों पर अटल कैंटीन खोली गई है जिनमें केवल पांच रुपए में एक थाली भोजन दिया जाएगा। इस थाली में मौसमी सब्जी के साथ-साथ रोटी-चावल, दाल और अचार शामिल रहेगा। हर कैंटीन पर 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर एक हजार गरीबों को भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। कैंटीन पर दोपहर 12 बजे से दो बजे, और शाम छः बजे से आठ बजे के बीच भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। हर अटल कैंटीन पर एक हजार गरीबों को भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। इस तरह कुल सौ कैंटीनों पर कुल मिलाकर एक लाख गरीबों को सस्ता भोजन दिया जाएगा। यदि दोपहर और शाम दोनों को मिला लें तो दो लाख गरीबों को यह भोजन उपलब्ध होगा।

### नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोजाना उड़ेंगी 25 उड़ानें

**मुंबई।** एएसजी, नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (एनएमआई/एनएमआईए) पर गुरुवार से उड़ान संचालन का सफल प्रारंभ हो गया है। सीआईएसएफ के मुताबिक, हवाई अड्डे के परिचालन की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इस हवाई अड्डे से पहली निर्धारित उड़ान, हैदराबाद के लिए सुबह 8:40 बजे रवाना हुई। नवी मुंबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर रोजाना 25 फ्लाइटें उड़ान भरेंगी। यह हवाई अड्डा, हर साल दो करोड़ यात्रियों को संभालने में सक्षम होगा। चरणबद्ध क्षमता वृद्धि और एयरलाइन नेटवर्क विस्तार के अनुरूप, इस हवाई अड्डे पर जनवरी 2026 के अंत तक उड़ान आवृत्ति बढ़कर प्रतिदिन 40 प्रस्थान होने की उम्मीद है। सीआईएसएफ के अनुसार, परियोजना को कार्यान्वित करने वाली एजेंसियों द्वारा वर्षों की योजना, विकास और अवसंरचना कार्य के बाद, नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर वाणिज्यिक संचालन आधिकारिक तौर पर 25 दिसंबर से प्रारंभ हो गया है।

# कर्नाटक में स्लीपर बस में लगी आग, 12 जिंदा जले, 20 घायल



नेशनल हाईवे-48 पर चित्रदुर्ग जिले के गोरलाद्दू क्रॉस पर हुआ हादसा

**एजेंसी। चित्रदुर्ग**

कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में बृहस्पतिवार तड़के तेज रफ्तार ट्रक के एक ह्यलग्जरी स्लीपरह्न बस से टकराने के बाद बस में आग लग गई। जिससे 12 लोगों की मौत हो गई. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी. पूर्व जोन के पुलिस महानिरीक्षक रविकांत गौड़ा ने बताया कि गोकर्ण जा रही बस में 32 यात्री सवार थे और ट्रक से टकराने के बाद बस आग की लपटों में घिर गई जिसमें 12 लोगों की मौत हो गई। इनमें से अधिकतर लोग वाहन के अंदर ही जल गए। क्रिसमस का दिन कर्नाटक के कुछ परिवारों के लिए मातम लेकर आया. कर्नाटक के चित्रदुर्ग में आज यानी गुरुवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया. चित्रदुर्ग में गुरुवार सुबह ट्रक से टक्कर के बाद एक स्लीपर कोच बस में आग लग गई। इस दर्दनाक घटना में 12 लोग जिंदा जल गए। जबकि 20 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बताया गया कि तेज रफ्तार ट्रक के एक लग्जरी स्लीपर बस से टकराने के बाद बस में आग लग गई।

### पीएम मोदी ने दुख जताया

इस घटना पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। पीएमओ के अनुसार, प्रधानमंत्री मोदी ने मृतकों के परिजनों के लिए दो-दो लाख रुपए की सहायता राशि की भी घोषणा की है। पीएमओ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ह्यएक्सह्न पर लिखा, ह्यप्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कर्नाटक के चित्रदुर्ग जिले में हुए हादसे में लोगों की मौत से बहुत दुख हुआ। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना. घायल लोग जल्द से जल्द ठीक हों. प्रधानमंत्री राहत कोष से हर मृतक के परिवार को 2 लाख रुपए की मदद दी जाएगी। घायलों को 50,000 रुपए दिए जाएंगे।

### बेंगलुरु से तटीय शहर गोकर्ण जा रही थी बस

अधिकारियों के मुताबिक, प्राइवेट स्लीपर कोच बस बेंगलुरु से तटीय शहर गोकर्ण जा रही थी, तभी ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। मरने वालों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि हादसा ट्रक ड्राइवर की लापरवाही की वजह से हुआ। बस के ड्राइवर और क्लीनर को कोई चोट नहीं आई। कारण कि बस के पिछले हिस्से में टक्कर लगी थी। ट्रक ड्राइवर उत्तर प्रदेश का रहने वाला था, जिसकी पहचान कुलदीप के रूप में हुई है। आईजी (नॉर्थ ईस्ट) बीआर रविकांत गौड़ा ने कहा कि 12 यात्री लापता हैं और उनके मारे जाने की आशंका है।उन्होंने कहा कि शव मिलने के बाद सही जानकारी का पता चलेगा। हादसे में कुल 20 लोग घायल हुए हैं। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, बस में 32 यात्री सवार थे. अधिकारियों ने बताया कि शवों के मिलने के बाद ही मरने वालों की सही संख्या का पता चलेगा। अधिकारियों ने बताया कि 12 यात्रियों को मामूली चोटें आईं, जिन्हें हिरियुर तालुक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया, जबकि आठ यात्रियों को गंभीर चोटें आईं, जिन्हें तुमकुरु शहर के एक हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया. आग बुझा दी गई है।

# महाराष्ट्र में एक ही परिवार के 4 लोग मृत पाए गए

**एजेंसी। नांदेड़**

महाराष्ट्र के नांदेड़ जिले में बृहस्पतिवार सुबह दो अलग-अलग स्थानों पर एक किसान, उसकी पत्नी और उसके दो बेटों के शव मिले। पुलिस को संदेह है कि यह सामूहिक आत्महत्या का मामला है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सुबह करीब आठ बजे मुदखेड़ तहसील के ज्वाला मुरार गांव स्थित अपने घर में एक खाट पर रमेश सोनाजी लखे (51) और उनकी पत्नी राधाबाई लखे (45) के शव मिले। अधिकारी ने बताया कि उनके बेटों उमेश (25) और बजरंग (23) के शव बाद में पास की रेलवे लाइन पर मिले। उन्होंने बताया कि ऐसा प्रतीत होता है कि वे चलती ट्रेन के सामने कूद गए थे। पुलिस निरीक्षक दत्तात्रेय मंथले ने पत्रकारों को बताया कि माता-पिता अपने घर के अंदर मृत पाए गए जबकि बेटों ने रेलवे ट्रैक पर आत्महत्या कर ली। हमने फोरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की एक टीम को सबूत इकट्ठा करने के लिए कहा है। पूरी तकनीकी जांच और पोस्टमार्टम के बाद ही सच्चाई सामने आएगी। पुलिस ने कहा कि उनकी मौत आत्महत्या प्रतीत होती है, लेकिन वास्तविक परिस्थितियां अभी स्पष्ट नहीं हैं। अधिकारी ने बताया कि यह परिवार छोटे खेतिहर समुदाय से आता था। लेकिन अभी यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि क्या यह कदम उन्होंने आर्थिक तंगी या घरेलू संकट के कारण उठाया।

## अनुच्छेद 370 का जिक्र कर पीएम ने कांग्रेस पर साधा निशाना

# सब कुछ एक ही परिवार के नाम पर होता था : पीएम मोदी



कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों ने कई राष्ट्रीय हस्तियों को नजरअंदाज किया

**एजेंसी। नई दिल्ली/लखनऊ**

पीएम मोदी ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 101वीं जयंती के अवसर पर लखनऊ में राष्ट्र प्रेरणा स्थल का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने इस मौके पर गांधी परिवार पर इशारों-इशारों में हमला किया। उन्होंने आजादी के बाद, भारत में हुए सभी अच्छे कामों को एक ही परिवार से जोड़ने की एक प्रवृत्ति का जिक्र किया।पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकारों ने कई राष्ट्रीय हस्तियों को नजरअंदाज करते हुए पहचान को एक ही परिवार तक सीमित कर दिया था। उन्होंने कहा कि बीजेपी को गर्व है कि हमारी सरकार को आर्टिकल 370 की दीवार गिराने का अवसर मिला। आज भारत का संविधान जम्मू कश्मीर में भी पूरी तरह लागू है। पीएम मोदी ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने देश में दो विधान, दो निशान और दो प्रधान के विधान को खारिज कर दिया था। प्रधानमंत्री ने कांग्रेस सरकार में दिये गये ह्यगरीबी हटाओह्न नारे पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि आज अटल बिहारी बाजपेयी की जयंती का यह दिन ह्यसुशासनह्न के उत्सव का दिन है। लंबे समय तक इस देश में गरीबी हटाओ जैसे नारे को ही सुशासन मान लिया गया था। लेकिन अटल जी ने सही मायने में सुशासन को जमीन पर उतारा।

### विकास का श्रेय सिर्फ एक ही परिवार को

पीएम ने कहा कि बीजेपी ने भारत के विकास का श्रेय सिर्फ एक परिवार को देने की सोच से आगे बढ़कर दूसरे नेताओं को पहचान दी है। पीएम मोदी ने बताया कि कांग्रेस के जमाने में सीनियर बीजेपी नेताओं का अपमान किया जाता था। बीजेपी की तुलना कांग्रेस से करते हुए उन्होंने कहा कि पार्टी सभी का सम्मान करती है। उन्होंने कहा कि पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी और पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव से लेकर डॉ. बीआर अंबेडकर और सरदार वल्लभभाई पटेल को भी पूरा सम्मान दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आजादी के बाद, भारत में हुए सभी अच्छे कामों को एक ही परिवार से जोड़ने की एक प्रवृत्ति सामने आई। चाहे वह किताबें हों, सरकारी योजनाएं हों, सरकारी संस्थान हों, सड़कें हों, या चैराहे हों, यह सब एक ही परिवार के गौरव से जुड़ा हुआ था। पीएम ने कहा कि बीजेपी ने देश को एक परिवार से जुड़े इस पुरानी व्यवस्था के बंधन से बाहर निकाला है।

### बीजेपी ने दिया हर किसी को सम्मान

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार, भारत माता की सेवा करते हुए, हर बच्चे को, हर किसी के योगदान को सम्मान दे रही है। आज, नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मूर्ति दिल्ली में कर्तव्य पथ पर है। कोई नहीं भूल सकता कि बाबा अंबेडकर की विरासत को कैसे नष्ट किया गया। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार ने दिल्ली में यह पाप किया, और यहां यूपी में, समाजवादी पार्टी के लोगों ने भी वही पाप किया। उन्होंने कहा कि बीजेपी ने बाबा साहेब की विरासत को नष्ट नहीं होने दिया। आज, दिल्ली से लंदन तक, बाबा अंबेडकर के पंच तीर्थ उनकी विरासत का जश्न मना रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल ने हमारे देश को एकजुट किया था, लेकिन आजादी के बाद उनके काम और उनके कद को कम करने की कोशिश की गई। यह बीजेपी ही थी जिसने सरदार पटेल को वह सम्मान दिया जिसके वे हकदार थे। बीजेपी ने सरदार पटेल की दुनिया की सबसे ऊंची मूर्ति बनवाई।

# ओडिशा में 1.1 करोड़ के इनामी गणेश उइके समेत छह नक्सली ढेर


**एजेंसी। कंधमाल**

ओडिशा के कंधमाल जिले में गुरुवार को सुरक्षाबलों और माओवादियों के बीच हुई मुठभेड़ को नक्सल विरोधी अभियान की बड़ी कामयाबी माना जा रहा है। चकापाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत घने जंगलों में चले इस ऑपरेशन में सीपीआई (माओवादी) की केंद्रीय समिति के सदस्य और ओडिशा में संगठन के प्रमुख गणेश उइके समेत छह नक्सली मारे गए। मारे गए नक्सलियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं, जबकि अन्य की पहचान अभी की जा रही है। पुलिस और खुफिया एजेंसियों के मुताबिक, 69 वर्षीय गणेश उइके माओवादी संगठन का बेहद कद्दावर नेता था और लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों के रडार पर था। उस पर कुल 1.1 करोड़ रुपये का इनाम घोषित था। मूल रूप से तेलंगाना के नलगोंडा जिले का रहने वाला उइके पक्का हनुमंतु और राजेश तिवारी जैसे कई नामों से भी जाना जाता था। वह ओडिशा, छत्तीसगढ़ और आंध्र-तेलंगाना सीमा क्षेत्र में माओवादी गतिविधियों का मुख्य रणनीतिकार माना जाता था। वरिष्ठ अधिकारियों ने बताया कि खुफिया इनपुट के आधार पर यह ऑपरेशन चलाया गया था। सुरक्षाबलों की संयुक्त टीम ने इलाके को चारों ओर से घेरकर सटीक कार्रवाई की, जिसके बाद मुठभेड़ हुई। मौके से हथियार, गोला-बारूद और नक्सली साहित्य भी बरामद किया गया है। एहतियातन पूरे क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन अभी भी जारी है, ताकि किसी अन्य नक्सली की मौजूदगी को पूरी तरह खत्म किया जा सके। इस बड़ी सफलता पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने प्रतिक्रिया देते हुए इसे ह्लनक्सल मुक्त भारतह्व की दिशा में अहम उपलब्धि बताया। उन्होंने कहा कि इस ऑपरेशन के बाद ओडिशा नक्सलवाद से लगभग मुक्त होने के कगार पर है और सरकार 31 मार्च 2026 से पहले देश से नक्सलवाद को पूरी तरह समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भारत ने के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत ने बंगाल की खाड़ी में न्यूक्लियर पावर्ड सबमरीन आईएनएस अरिघात से 3,500 किलोमीटर रेंज वाली के-4 बैलिस्टिक मिसाइल का सफल परीक्षण किया। रक्षा सूत्रों के हवाले से मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया कि यह टेस्ट मंगलवार को विशाखापट्टनम तट के पास किया गया। भारत जमीन, हवा के बाद अब समुद्र से भी परमाणु हथियार लॉन्च कर सकेगा। ये मिसाइल 2



टन तक न्यूक्लियर वॉरहेड ले जाने में सक्षम है। ङ-सीरीज की मिसाइलों में "K" अक्षर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सम्मान में रखा गया है। इनकी भारत के मिसाइल कार्यक्रम में अहम भूमिका रही है। के-4 मिसाइल, जमीन से लॉन्च होने वाली अग्नि-सीरीज पर आधारित एक एडवांस सिस्टम मिसाइल है। इसे पनडुब्बी से लॉन्च के लिए बनाया गया है। लॉन्च के समय मिसाइल पहले समुद्र की सतह से बाहर आती है, इसके बाद उड़ान भरते हुए लक्ष्य की ओर बढ़ती है। इसे अरिहंत-क्लास की पनडुब्बियों से दागी जा सकती है। के-4 को भारत की न्यूक्लियर ट्रायड का एक महत्वपूर्ण स्तंभ माना जाता है।







# प्रेम का शाश्वत स्वरूप और भक्ति की विजय का संदेश

- **श्रीमद्भागवत कथा में शिव-पार्वती विवाह और ध्रुव चरित्र से उजागर हुआ सच्चे प्रेम व अटल निष्ठा का रहस्य**



**केटी न्यूज/बक्सर**

सदर प्रखंड के श्री हनुमत धाम मंदिर, कमरपुर के पावन परिसर में आयोजित सन्त सद्गुरुदेव स्मृति महोत्सव का ग्यारहवां दिन पूर्णतः धार्मिक भाव, भक्ति और अध्यात्म से ओत-प्रोत रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः श्रीरामचरितमानस के सामूहिक पाठ से हुआ। दोपहर में श्रीमद्भागवत कथा और संध्या काल में भजन-कीर्तन का आयोजन हुआ, जिसमें दूर-दराज से आए श्रद्धालु भक्तों ने भाग लेकर पुण्य लाभ अर्जित किया। यह आयोजन श्री नारायण दास भक्तमाली मामा जी महाराज के प्रथम कृपा पात्र शिष्य, श्री रामचरित्र दास जी महाराज महात्मा जी के सकेत लीला प्रवेश के उपरांत निरंतर श्रद्धा और भक्ति के साथ संपन्न हो रहा है।

श्रीमद्भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में कथा वाचक उमेश भाई ओझा ने प्रेमतत्व की गहन व्याख्या करते हुए मां पार्वती और भगवान शिव के विवाह प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि संसार में जिसे प्रेम कहा जाता है, वह वास्तव में मोह है, जो समय के साथ घटता-बढ़ता और टूटता रहता है, जबकि ईश्वर के साथ जुड़ा प्रेम शाश्वत और अटल होता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि भगवान का प्रेम एकांगी होता है, उसमें कोई स्वार्थ या रंग-बिरंगी अपेक्षाएं नहीं होतीं, जबकि सांसारिक संबंध बहुरंगी और अस्थिर होते हैं। लोकधर्म, परमधर्म और भागवत धर्म के अंतर को समझाते हुए उन्होंने भागवत धर्म को आत्मा के उद्धार का मार्ग बताया।

मां पार्वती के तप, त्याग और अखंड प्रेम का उल्लेख करते हुए उन्होंने रामचरितमानस की चौपाई ह्लजनम कोटि लगि रगरी हमारी। बरउं शंभु न त रहूं कुंवारी। के माध्यम से बताया कि सच्चा प्रेम शर्तों से परे होता है और केवल समर्पण की भावना से ही पूर्ण होता है। कथा के क्रम में ध्रुव चरित्र का प्रसंग सुनाते हुए उमेश भाई ओझा ने निश्चय और अटल निष्ठा को धर्म का आधार बताया। उन्होंने कहा कि पांच वर्ष की अल्पायु में ध्रुव का भगवान का साक्षात्कार यह सिद्ध करता है कि प्रभु प्राप्ति के लिए उम्र नहीं, बल्कि दृढ़ संकल्प चाहिए। ध्रुव की माता द्वारा पुत्र को ईश्वर पथ पर अग्रसर करना यह संदेश देता है कि माताएं चाहें तो संतान को भक्त, वीर और धर्मनिष्ठ बना सकती हैं। संत सद्गुरु की महिमा का वर्णन करते हुए बताया गया कि जिन पर भगवान की कृपा होती है, उनके जीवन में पहले संत का आगमन होता है। संध्या कालीन भजन कार्यक्रम में भजन गायक कमलेश कुंवर ने भक्ति रस से सराबोर गीतों की प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। ह्लहाथ पकड़ लो प्रभुजी, दे दो सहाराह्व जैसे करुण भजनों पर श्रोताओं की आंखें नम हो उठीं। कार्यक्रम में अनेक संतों, साध्वियों और ग्रामीण भक्तों की उपस्थिति ने आयोजन को और भी आध्यात्मिक गरिमा प्रदान की।

## आर्सेनिक मुक्त पेयजल को लेकर ग्रामीणों में खुशी, टूटी गलियों के निर्माण से आवागमन होगा आसान

# डीएम के निरीक्षण से जगी नई उम्मीद, केशोपुर जल शोध संयंत्र के विस्तार की बढ़ी आस

**केटी न्यूज/सिमरी**

केशोपुर बहुग्रामीय जलापूर्ति योजना के निरीक्षण के बाद क्षेत्र के ग्रामीणों में नई उम्मीद जगी है। बुधवार को जिलाधिकारी साहिला द्वारा जल शोध संयंत्र के निरीक्षण के उपरांत अब यह चर्चा तेज हो गई है कि निकट भविष्य में केशोपुर जल शोध संयंत्र का दायरा बढ़ेगा और अधिक से अधिक ग्रामीणों को शुद्ध व आर्सेनिक मुक्त पेयजल का लाभ मिल सकेगा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने पम्प हाउस की कार्यप्रणाली की बारीकी से जानकारी ली और यह पाया कि संयंत्र के माध्यम से आर्सेनिक मुक्त पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने बढ़ती आबादी को ध्यान में रखते हुए कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल बक्सर को निर्देश दिया कि पम्प की क्षमता बढ़ाने के लिए एक विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर जल्द प्रतिवेदन उपलब्ध कराएं। इस निर्देश को ग्रामीण भविष्य की बड़ी सौगात के रूप में देख रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि करोड़ों रुपये की लागत से केंद्र और राज्य सरकार के संयुक्त सहयोग से केशोपुर में जल शोध संयंत्र का निर्माण केवल इसलिए कराया गया है ताकि दियारा क्षेत्र को आर्सेनिक के जहर से स्थायी रूप से निजात मिल सके। अब जब जलापूर्ति शुरू हो चुकी है और जिलाधिकारी स्वयं इसके विस्तार पर जोर दे रही हैं, तो यह साफ है कि आने वाले समय में और गांवों तथा टोले तक पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पानी पहुंचेगा। निरीक्षण के क्रम में डीएम ने पाइप बिछाने के दौरान क्षतिग्रस्त हुई गलियों और रास्तों की भी समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि जलापूर्ति से उत्पन्न समस्याओं का शीघ्र समाधान किया जाए और जहां-जहां सड़कें व गलियां टूटी हैं, उनकी तत्काल मरम्मत कराई जाए। ग्रामीणों का मानना है कि यदि गलियों का पुनर्निर्माण होता है तो न सिर्फ आवागमन सुगम होगा, बल्कि बरसात के दिनों में होने वाली परेशानियों से भी राहत मिलेगी। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने संबंधित क्षेत्रों के शत-प्रतिशत घरों में पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया है। इससे उन परिवारों को खास राहत मिलेगी जो अब तक हैंडपंप या दूषित जल स्रोतों पर निर्भर थे। प्रखंड विकास पदाधिकारी सिमरी एवं बक्सर को भी योजना का निरीक्षण कर प्रतिवेदन सौंपने का निर्देश दिया गया है, जिससे निगरानी और प्रभावी हो सके। गुरुवार को पूरे दिन क्षेत्र में नए डीएम के तेवर और जनोपयोगी कार्यों को लेकर चचाएं होती रहीं। लोग यह कहते नजर आए कि पहली ही समीक्षा में जिलाधिकारी का फोकस साफ तौर पर आम जनता की बुनियादी समस्याओं पर रहा। केशोपुर जल शोध संयंत्र के विस्तार और टूटी गलियों के निर्माण की उम्मीद ने ग्रामीणों में भरोसा जगाया है कि आने वाले दिनों में यह योजना वास्तव में क्षेत्र के जीवन स्तर को बेहतर बनाएगी।




## महामना मालवीय की जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में संगोष्ठी, शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की आधारशिला बताया

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारत रत्न महामना पंडित मदन मोहन मालवीय की जयंती के अवसर पर बक्सर जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में संगोष्ठी सह परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. मनोज पांडेय ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ पुष्प अर्पण, धूप-दीप प्रज्वलन एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ। इस अवसर पर वक्ताओं ने महामना मालवीय को महान शिक्षाविद्, राष्ट्रवादी विचारक, निर्भीक पत्रकार, कुशल संगठनकर्ता एवं स्वतंत्रता आंदोलन के अग्रणी नेता के रूप में याद किया। अध्यक्षीय संबोधन में डॉ. मनोज पांडेय ने कहा कि महामना मालवीय जी का संपूर्ण जीवन भारतीय संस्कृति, शिक्षा और राष्ट्रीय चेतना का जीवंत प्रतीक है। वे मानते थे कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की सबसे मजबूत आधारशिला है। इसी विचार से प्रेरित होकर उन्होंने काशी हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना कर भारतीय युवाओं को आधुनिक विज्ञान के साथ भारतीय दर्शन, संस्कार और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का ऐतिहासिक कार्य किया।

डॉ. पांडेय ने कहा कि हिंदी भाषा को राष्ट्रभाषा के रूप में प्रतिष्ठित करने में भी महामना का अतुलनीय योगदान रहा। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान उन्होंने सामाजिक समरसता, धार्मिक सौहार्द और नैतिक मूल्यों को सदैव प्राथमिकता दी। उन्होंने पत्रकारिता को जनजागरण का प्रभावी माध्यम बनाकर राष्ट्रीय चेतना को सशक्त किया। उनका जीवन त्याग, तपस्या और राष्ट्रसेवा का अनुपम उदाहरण है। संगोष्ठी में उपस्थित अन्य वक्ताओं ने कहा कि आज के सामाजिक और राजनीतिक परिप्रेक्ष्य में महामना मालवीय जी के विचार और आदर्श पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक हैं। उनके बताए मार्ग पर चलकर ही एक सशक्त, शिक्षित और संस्कारित भारत का निर्माण संभव है। कार्यक्रम में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता त्रिजोगी नारायण मिश्रा, सुनील कुमार पांडेय, शशिकांत पांडेय, बबन तुरहा, राजू यादव, राकेश यादव, तिवाष पाठक, इमारत वसीम सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बुद्धिजीवी उपस्थित रहे। अंत में महामना पंडित मदन मोहन मालवीय को श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया गया।

## तुलसी से संस्कार, पौधों से भविष्य, रघुनाथपुर में प्रकृति संरक्षण का जीवंत संदेश

**केटी न्यूज/ब्रह्मपुर**

जहां एक ओर आधुनिक जीवनशैली प्रकृति से दूरी बढ़ा रही है, वहीं ब्रह्मपुर प्रखंड के रघुनाथपुर स्थित तुलसी आश्रम में 25 दिसंबर को आयोजित तुलसी पूजन दिवस ने यह याद दिलाया कि भारतीय परम्पराओं में पर्यावरण-संरक्षण सदैव केंद्र में रहा है। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण गतिविधि दक्षिण बिहार और तुलसी विचार मंच के संयुक्त तत्वावधान में पौधरोपण सह विचार गोष्ठी का आयोजन कर प्रकृति के साथ आत्मीय रिश्ते को फिर से जीवंत किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत तुलसी के पौधे के रोपण एवं विधिवत पूजन से हुई। हरे-भरे पौधों के बीच हुई यह संगोष्ठी केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति कृतज्ञता और जिम्मेदारी का सामूहिक संकल्प बन गई।

कार्यक्रम का नेतृत्व कर रहे पर्यावरण संरक्षण गतिविधि दक्षिण बिहार के जनसंवाद प्रमुख शैलेश ओझा ने कहा कि ह्लतुलसी पूजन प्रकृति के प्रति आभार व्यक्त करने का भारतीय तरीका है। हमारी संस्कृति में वृक्ष, जल और भूमि केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन के आधार और पूज्य हैं।ह्व उन्होंने ह्लतरुदेव भवःह्व की भावना को रेखांकित करते हुए कहा कि तुलसी पूजन दिवस हमें अपनी वैज्ञानिक और लोकमंगलकारी परम्पराओं पर गर्व करना सिखाता है। उन्होंने हर घर तुलसी और हर नागरिक पर्यावरण-रक्षक बनने का आह्वान किया।

पेड़ उपक्रम के सह प्रमुख नित्यानंद ओझा ने तुलसी को औषधीय ही नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना का केंद्र बताया। वहीं भाजपा कला एवं संस्कृति प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक शंभू चंद्रवंशी ने कहा कि तुलसी पूजन भावी पीढ़ी में पर्यावरण-संरक्षण के संस्कार बोने का सशक्त माध्यम है।

## जल संरक्षण अभियान का असर, वार्ड 35 में वर्षों पुराना पाइप लीकेज हुआ दुरुस्त

- **अजय राय की पहल पर नगर परिषद ने दिखाई तत्परता, पेयजल बबार्दी और जलजमाव से मिली राहत**

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 35 स्थित नेपाली राय के पुल के समीप वर्षों से चली आ रही पेयजल आपूर्ति पाइप की लीकेज की समस्या का आखिरकार समाधान हो गया। लंबे समय से जल संरक्षण अभियान चला रहे ह्लजलपुत्रह्व के नाम से विख्यात अजय राय की पहल पर नगर प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज कुछ घंटों में ही लीकेज पाइप की मरम्मत करा दी।

बताया जाता है कि उक्त स्थान पर जलापूर्ति पाइप के लीक होने से प्रतिदिन भारी मात्रा में पेयजल की बबार्दी हो रही थी। इसके साथ ही सड़क पर जलजमाव की स्थिति बनी रहती थी, जिससे आम राहगीरों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। स्थानीय लोगों द्वारा कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई थी।



इसकी सूचना मिलते ही अजय राय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए डुमरांव नगर परिषद प्रशासन को अवगत कराया। अजय राय की सूचना पर संज्ञान लेते हुए नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी राहुल धर दुबे के निर्देश पर संबंधित विभाग ने त्वरित कार्रवाई की और कुछ ही घंटों के भीतर लीकेज पाइप की मरम्मत कार्य पूर्ण कर दिया। मरम्मत के बाद न केवल पेयजल की बबार्दी रुकी, बल्कि जलजमाव की समस्या से भी लोगों को निजात मिली। समस्या के समाधान के बाद स्थानीय लोगों में खासा उत्साह देखने को मिला। जलजमाव समाप्त होने से सड़क पर आवागमन सुचारू हुआ और लोगों ने राहत की सांस ली। वहीं, स्थानीय नागरिकों ने अजय राय के प्रयासों की जमकर सराहना करते हुए उनके जल संरक्षण अभियान को प्रेरणादायक बताया।

अजय राय पिछले सात वर्षों से जल संरक्षण के क्षेत्र में लगातार कार्य कर रहे हैं। अपने निजी खर्च से अब तक सैकड़ों सार्वजनिक नलों में टोटी लगवाकर उन्होंने जल की बबार्दी को रोकने का सराहनीय कार्य किया है। उनके इस अभियान को राष्ट्रीय स्तर पर भी पहचान मिली है। बीते वर्ष भारत सरकार की ह्यनमामि गंगेह्ण परियोजना के तहत उन्हें ह्यजल योद्धा अवार्डह्ण से सम्मानित किया गया था। हाल के दिनों में उनका नाम करंट अफेयर्स में भी प्रकाशित हुआ है। अजय राय ने इस त्वरित कार्रवाई के लिए कार्यपालक पदाधिकारी राहुल धर दुबे और नगर परिषद प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि जल संरक्षण जनभागीदारी से ही संभव है।






# आंगनबाड़ी व स्वास्थ्य उपकेंद्रों के लिए भूमि उपलब्धता पर सख्त रुख, अतिक्रमण हटाने के निर्देश

- **अनुमंडल पदाधिकारी डुमरांव की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक, जनहित मामलों के त्वरित निष्पादन पर जोर**



**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल कार्यालय में अनुमंडल पदाधिकारी राकेश कुमार की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अंचल स्तर के राजस्व पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना के कार्यक्रम पदाधिकारी एवं कर्मचारी अमीन शामिल हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों की स्थापना हेतु आवश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा इससे जुड़े लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करना रहा। बैठक के दौरान अनुमंडल पदाधिकारी ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र और स्वास्थ्य उपकेंद्र ग्रामीण व शहरी क्षेत्र की माताओं, बच्चों और आम नागरिकों के लिए अत्यंत आवश्यक संस्थान हैं। इनकी स्थापना में भूमि की कमी या अतिक्रमण सबसे बड़ी बाधा बनती है, जिसे किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि चिन्हित भूमि से अतिक्रमण हटाने की प्रक्रिया चरणबद्ध तरीके से प्रारंभ की जाए और प्रत्येक मौजा स्तर पर अतिक्रमण से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अनुमंडल पदाधिकारी ने अंचलाधिकारियों एवं कर्मचारी अमीनों को यह भी निर्देश दिया कि भूमि से संबंधित सभी अभिलेखों की गहन जांच कर वास्तविक स्थिति का प्रतिवेदन शीघ्र प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर आंगनबाड़ी केंद्र एवं स्वास्थ्य उपकेंद्र प्रस्तावित हैं, वहां किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाए। आवश्यकता पड़ने पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम स्तर के कर्मियों से समन्वय स्थापित कर भूमि विवादों का समाधान किया जाए। बैठक में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड, केंद्रीय लोक शिकायत निवारण प्रणाली, सिविल रिट क्षेत्राधिकार वाद तथा मानीटरिंग न्यायालय वाद से संबंधित लंबित मामलों की भी समीक्षा की गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देशित किया कि जनहित से जुड़े इन मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के समय पर समाधान से प्रशासन की छवि मजबूत होती है और आम जनता का विश्वास बढ़ता है। बाल विकास परियोजना पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए चिन्हित भूमि की स्थिति की नियमित समीक्षा करें और किसी भी समस्या की जानकारी तत्काल अनुमंडल कार्यालय को दें। वहीं, मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि आवश्यकता अनुसार भूमि समतलीकरण एवं अन्य सहायक कार्यों में योजना के अंतर्गत सहयोग सुनिश्चित करें। बैठक के अंत में अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा जताई कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सरकारी योजनाओं को धरातल पर उतारें। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों की स्थापना से क्षेत्र में पोषण, स्वास्थ्य और शिक्षा के स्तर में सुधार होगा, जिसका सीधा लाभ समाज के कमजोर वर्गों को मिलेगा। प्रशासन का यह प्रयास है कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की बाधा न आए और जनता को समय पर सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें।




# चौसा में किसानों के भविष्य की खेती पर मंथन, वैज्ञानिक सोच को बनाया विकास की कुंजी

- गुड गवर्नेंस डे पर कृषि संगोष्ठी में शोध, तकनीक और योजनाओं से खेती को लाभकारी बनाने पर जोर

**केटी न्यूज/चौसा**

गुड गवर्नेंस डे के अवसर पर चौसा प्रखंड कृषि कार्यालय परिसर में आयोजित कृषि संगोष्ठी किसानों के लिए केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भविष्य की खेती की दिशा तय करने का मंच साबित हुई। ह्लजय जवान, जय किसान, जय विज्ञान एवं जय अनुसंधानह्व विषय पर आयोजित इस संगोष्ठी में खेती को परंपरा से आगे ले जाकर विज्ञान और शोध से जोड़ने की जरूरत पर गहन चर्चा की गई।



कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी राकेश कुमार ने की। उन्होंने कहा कि बदलते मौसम, घटते जलस्तर और बढ़ती लागत के दौर में अब खेती को अनुभव के साथ-साथ वैज्ञानिक समझ से भी जोड़ना अनिवार्य हो गया है। मंच संचालन प्रमोद कुमार सिंह ने किया, जिन्होंने किसानों और अधिकारियों के बीच संवाद को सहज बनाया।

संगोष्ठी में वक्ताओं ने स्पष्ट किया कि आधुनिक खेती केवल उत्पादन बढ़ाने का माध्यम नहीं, बल्कि किसानों की आय दोगुनी करने का सशक्त रास्ता है। उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक प्रयोग, कीट-रोग प्रबंधन, फसल चक्र और तकनीकी सलाह को अपनाकर खेती को कम लागत में अधिक लाभकारी बनाया जा सकता है। विशेष रूप से अनुसंधान आधारित कृषि को अपनाने पर जोर दिया गया, जिससे जोखिम कम और उपज स्थिर बनी रहे।

रबी सीजन को लेकर किसानों को व्यावहारिक जानकारी दी गई। समय पर बुआई, मिट्टी परीक्षण के आधार पर खाद का चयन, जल संरक्षण, सिंचाई प्रबंधन और फसल विविधीकरण जैसे विषयों पर कृषि अधिकारियों ने विस्तार से मार्गदर्शन किया। अधिकारियों ने बताया कि वैज्ञानिक खेती से न केवल उत्पादन बढ़ता है, बल्कि मिट्टी की उर्वरता भी लंबे समय तक बनी रहती है।

कार्यक्रम के दौरान किसानों ने भी अपनी समस्याएं खुलकर रखीं। बीज, उर्वरक, सिंचाई और बाजार से जुड़ी शंकाओं का समाधान कृषि पदाधिकारियों द्वारा मौके पर ही किया गया। इससे किसानों में विभाग के प्रति विश्वास और जुड़ाव और मजबूत हुआ।

संगोष्ठी में बीटीएम अमृता कुमारी, एटीएम जितेंद्र कुमार मौर्य सहित कृषि विभाग के अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। उन्होंने किसानों को सरकारी योजनाओं, अनुदान, प्रशिक्षण कार्यक्रमों और तकनीकी सहयोग की जानकारी दी तथा विभाग से नियमित संपर्क में रहने का आह्वान किया।

अंत में किसानों और अधिकारियों ने एक स्वर में संकल्प लिया कि विज्ञान, अनुसंधान और सरकारी योजनाओं के सहारे खेती को आधुनिक, टिकाऊ और समृद्ध बनाया जाएगा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान सलाहकार और स्थानीय किसान उपस्थित थे।

# धरौली में आरा का जलवा, नेपाल को 3-1 से हराकर फाइनल में बनाई जगह

- बाबू राजमोहन सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में रोमांच, फाइनल में अब गाजीपुर बनाम आरा की टक्कर

**केटी न्यूज/बक्सर**

ब्रह्मपुर प्रखंड के धरौली गांव स्थित जोगीबीर बाबा खेल मैदान में चल रहे बाबू राजमोहन सिंह मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट के छठे दिन गुरूवार को दूसरा सेमीफाइनल मुकाबला खेला गया। दर्शकों से खचाखच भरे मैदान में आरा और नेपाल की टीमों के बीच खेला गया यह मुकाबला रोमांच, संघर्ष और कौशल से भरपूर रहा, जिसमें अंततः आरा की टीम ने नेपाल को 3-1 से पराजित कर फाइनल में प्रवेश कर लिया।



मैच का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि बक्सर सांसद सुधाकर सिंह ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और गेंद को किक मारकर किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि समाजसेवी कृष्णानंद सिंह उर्फ छोटे सिंह, पूर्व सदर विधायक संजय तिवारी उर्फ मुन्ना तिवारी, डुमरांव विधायक राहुल सिंह, मुख्य आयोजक एवं सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज सिंह, व्यवसायी हेमंत सिंह एवं स्वयंबर सिंह समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

खेल की शुरूआत से ही दोनों टीमों ने आक्रामक रुख अपनाया। नेपाल और आरा के खिलाड़ियों ने तेज पासिंग, मजबूत डिफेंस और सटीक मूवमेंट से दर्शकों को बांधे रखा। मध्यांतर से पहले दोनों टीमों ने एक-एक गोल कर मुकाबले को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। पहले हाफ के दौरान कई शानदार मौके बने, लेकिन दोनों टीमों के गोलकीपरों ने बेहतरीन बचाव कर स्कोर को सीमित रखा।

मध्यांतर के बाद आरा की टीम बदले हुए तेवर के साथ मैदान पर उतरी। आक्रामक खेल का फायदा उठाते हुए आरा ने दूसरा गोल दागकर 2-1 की बढ़त बना ली। इसके बाद नेपाल की टीम ने बराबरी के लिए कई प्रयास किए, लेकिन आरा के मजबूत डिफेंस और तेज काउंटर अटैक ने नेपाल की रणनीति को विफल कर दिया। निर्धारित समय के भीतर आरा ने तीसरा गोल कर मुकाबले को 3-1 से अपने पक्ष में कर लिया और फाइनल का टिकट कटाया।

मैच के दौरान खिलाड़ियों की फुर्ती, सामंजस्य और गोल पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं। हर गोल के साथ मैदान में उत्साह का माहौल बनता गया। खेल प्रेमियों के जोश और समर्थन ने खिलाड़ियों का हौसला और बढ़ा दिया।

उद्घाटनकर्ता सांसद सुधाकर सिंह ने कहा कि खेल युवाओं के सर्वांगीण विकास का सशक्त माध्यम है। खेल से न केवल शारीरिक और मानसिक मजबूती मिलती है, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में इस तरह के आयोजनों से छिपी प्रतिभाओं को आगे आने का अवसर मिलता है और युवा सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ते हैं।

फुटबॉल संघ के अध्यक्ष डॉ. रमेश सिंह एवं व्यवस्थापक रंजीत सिंह उर्फ फुड्डू सिंह ने बताया कि टूर्नामेंट को लेकर दर्शकों में जबरदस्त उत्साह है। खिलाड़ियों, अतिथियों और दर्शकों के लिए चाय, नाश्ता एवं पेयजल की बेहतर व्यवस्था की गई है। उन्होंने जानकारी दी कि टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला गाजीपुर और आरा की टीमों के बीच खेला जाएगा।

मुख्य आयोजक बाबू मनोज सिंह ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबू राजमोहन सिंह की जयंती के अवसर पर इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का आयोजन किया गया है। डुमरांव विधायक राहुल सिंह ने कहा कि 26 दिसंबर को खेले जाने वाले फाइनल मुकाबले में विजेता टीम को 5 लाख रुपये नकद और कप, जबकि उपविजेता टीम को 2 लाख 51 हजार रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

मैच में मुख्य रेफरी की भूमिका मोहम्मद सलाम ने निभाई, जबकि सहायक रेफरी शशि कुमार सुमन, संतोष पांडेय, पप्पू कुमार सिंह और जनार्दन सिंह रहे। उद्घोषणा ब्रदर महान, मनीष उपाध्याय और आशुतोष पांडेय ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक और खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## एक नजर

### ई किसान भवन में किसान संगोष्ठी का हुआ आयोजन

**केसठ।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण बक्सर के तत्वावधान में गुरुवार को प्रखंड स्थित ई किसान भवन के प्रांगण में किसान संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रखंड क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में किसान उपस्थित हुए और आधुनिक कृषि तकनीक, सरकारी योजनाओं व अनुसंधान आधारित खेती की जानकारी प्राप्त की।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रखंड कृषि पदाधिकारी शिवम वर्मा ने की, जबकि संचालन कृषि समन्वयक हरिचन्द्र पासवान द्वारा किया गया। संगोष्ठी का आयोजन जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान एवं अनुसंधान के मूल मंत्र को केंद्र में रखकर किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि बदलते समय में परंपरागत खेती के साथ साथ वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाना अत्यंत आवश्यक है। उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक, मृदा जांच, कीट-रोग प्रबंधन और जल संरक्षण जैसी तकनीकों से उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। उन्होंने किसानों से सरकारी योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।वहीं कृषि समन्वयक ने आत्मा योजना के अंतर्गत संचालित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों, किसान हितैषी योजनाओं और अनुदान की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अनुसंधान आधारित खेती से लागत घटाकर किसानों की आमदनी बढ़ाई जा सकती है। संगोष्ठी में उपस्थित किसानों ने भी अपनी समस्याएं रखीं और विशेषज्ञों से समाधान प्राप्त किया। कार्यक्रम के अंत में किसानों को उन्नत कृषि अपनाने और वैज्ञानिक सलाह के अनुसार खेती करने का संकल्प दिलाया गया। संगोष्ठी को किसानों के लिए उपयोगी और ज्ञानवर्धक बताया गया। मौके पर बीटीएम डॉ प्रफुल्ल कुमार, लेखपाल प्रफुल्ल कुमार, किसान सलाहकार अमरेंद्र प्रसाद, रितेश कुमार, विजय कुमार समेत अन्य थे। इसी कड़ी में संगोष्ठी के दौरान देश में सुशासन की अवधारणा पर भी चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती के अवसर पर मनाए जा रहे सुशासन दिवस का उद्देश्य पारदर्शी, जवाबदेह और किसान हितैषी प्रशासन को मजबूत करना है। किसानों तक योजनाओं का सीधा लाभ पहुंचना ही सुशासन का वास्तविक स्वरूप है। वक्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि वैज्ञानिक खेती, तकनीक और प्रशासनिक सहयोग से ही कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाया जा सकता है।

### नया भोजपुर पुलिस को मिली बड़ी सफलता लाखों की हेराइन के साथ दो पकड़ाए

**डुमरांव।** नया भोजपुर थाने की पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने करीब आधा किलो हेरोइन के साथ दो तस्करों को पकड़ा है। उन्हें पकड़ने के बाद पुलिस उनकी निशानदेही पर सिमरी समेत कई जगहों पर छापेमारी कर रही है। पुलिस सूत्रों की माने तो साल के अंत में पुलिस के लिए यह बड़ी उपलब्धि है। तस्करों के पास से जब्त किए गए हेरोइन का बाजार मूल्य 15 लाख रूपए से अधिक आंका जा रहा है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि तस्करों के खिलाफ एनडीपीएस ऐक्ट के तहत एफआईआर दर्ज करने की कार्रवाई चल रही है। हालांकि, पुलिस इस मामले में अभी कुछ बताने से परहेज कर रही है। माना जा रहा है कि पुलिस के वरीय अधिकारी इस खास उपलब्धि पर प्रेस वार्ता आयोजित कर मीडिया से जानकारी साझा करेंगे। वैसे मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तस्करों की निशानदेही पर पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस के इस ऐक्शन से मादक पदार्थ के तस्करों में हड़कंप मचा हुआ है।

# अटल स्मृति दिवस पर भाजपा ने किया कार्यकर्ता सम्मान, नेताओं ने गिनाए अटल जी के योगदान

**केटी न्यूज/बक्सर**

भारत रत्न, पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई की जयंती के अवसर पर 25 दिसंबर को भारतीय जनता पार्टी, जिला बक्सर द्वारा अहिरौली स्थित जिला कार्यालय में ह्लअटल स्मृति दिवसह्व का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यकर्ता सम्मान समारोह भी आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में भाजपा एवं एनडीए गठबंधन के कार्यकताओं की भागीदारी रही। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने की, जबकि मंच संचालन महामंत्री विनोद राय ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेई के तैलचित्र पर माल्यार्पण के साथ हुआ। समारोह में बक्सर विधायक आनंद मिश्रा, राजपुर विधायक संतोष कुमार निराला, डुमरांव विधायक राहुल कुमार सिंह तथा ब्रह्मपुर से एनडीए प्रत्याशी रहे हुलास पांडेय प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। स्वागत भाषण में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश भुवन ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेई जी के पदचिह्नों पर चलते हुए भाजपा कार्यकताओं ने यह मुकाम हासिल किया है। उन्होंने कहा कि कार्यकताओं की मेहनत का ही परिणाम है कि बक्सर जिले की चार में से तीन विधानसभा सीटों पर एनडीए को जीत मिली है। इसके लिए उन्होंने सभी कार्यकताओं का हृदय से अभिनंदन किया। बक्सर विधायक आनंद मिश्रा ने कार्यकताओं के प्रति आभार जताते हुए कहा कि वे केवल नाम के विधायक हैं, असली विधायक तो कार्यकर्ता हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हर कार्यकर्ता विधायक की तरह कार्य करेगा और वे स्वयं 24 घंटे कार्यकताओं के लिए उपलब्ध रहेंगे। डुमरांव विधायक राहुल कुमार सिंह ने अटलजी के राष्ट्र के प्रति समर्पण को रेखांकित करते हुए कहा कि उनके विचारों को आत्मसात कर ही सच्ची सेवा संभव है। वहीं राजपुर विधायक संतोष कुमार निराला और हुलास पांडेय ने कहा कि कार्यकर्ता का सम्मान ही संगठन की असली ताकत है। कार्यक्रम में जदयू जिलाध्यक्ष अशोक सिंह, लोजपा के अखिलेश सिंह, हम के बलिराम कुशवाहा, रालोमो के विन्ध्याचल कुशवाहा सहित एनडीए के कई नेता, पदाधिकारी एवं सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# राजपुर के मंगराव में शिक्षा, खेल और सामाजिक चेतना का संगम, 22वां वार्षिक समारोह बना प्रेरणा का मंच

**केटी न्यूज/राजपुर**

प्रखंड अंतर्गत मंगराव स्थित सम्राट अशोक बुद्ध विहार सह शहीद भगत सिंह विद्यालय परिसर में आयोजित 22वां वार्षिक समारोह केवल एक सांस्कृतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और युवाओं के सर्वांगीण विकास का संदेश देने वाला आयोजन बन गया। समारोह का शुभारंभ शहीदे आजम भगत सिंह, रामस्वामी पेरियार, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम और बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्रों पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया।



कार्यक्रम की अध्यक्षता मकरध्वज सिंह विद्रोही ने की, जबकि संचालन संजय सिंह ने किया। मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी सिद्धार्थ कुमार ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा समाज परिवर्तन की सबसे मजबूत नींव है। आज के समय में केवल किताबों तक सीमित रहने के बजाय समझ आधारित पढ़ाई और खेलकूद में भी आगे बढ़ना जरूरी है। थानाध्यक्ष निवास कुमार ने बच्चों को मेहनत और अनुशासन का महत्व समझाते हुए कहा कि कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। उन्होंने साइबर अपराध से सतर्क रहने की अपील की और छात्रों को भरोसा दिलाया कि किसी भी समस्या में पुलिस उनके साथ खड़ी है। जिला परिषद सदस्य पूजा कुमारी ने ग्रामीण परिवेश में पढ़ रहे छात्रों को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। शिक्षक ब्रजेश राय ने शिक्षा को सामाजिक बुराइयों को खत्म करने का सशक्त माध्यम बताया, जबकि नेशनल कुश्ती खिलाड़ी पंचरत्ना कुमारी ने विशेष रूप से छात्राओं का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें अपने सपनों के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी। प्रतिभा खोज परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया, वहीं समाज में सकारात्मक योगदान देने वाले शिक्षकों और पर्यावरण प्रेमियों को मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन छात्रों द्वारा प्रस्तुत सामाजिक कुरीतियों पर आधारित गीत और प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिसने दर्शकों को सोचने पर मजबूर कर दिया।

# घोड़ों की टाप से गूंजा डुमरी खेल मैदान मोतिहारी के फरहान अहमद का 'उस्मान' बना चैंपियन

- घुड़दौड़ प्रतियोगिता में दिखा ग्रामीणों का उत्साह, हजारों की संख्या में पहुंचे दर्शक
- तीन श्रेणियों की रोमांचक दौड़, बिहार, यूपी व बंगाल के नामी घोड़ों ने दिखाया दमखम

**केटी न्यूज/सिमरी**

सिमरी प्रखंड के डुमरी पंचायत स्थित खेल मैदान गुरूवार को खेल, परंपरा और रोमांच का साक्षी बना। गोपाल दास फलहारी बाबा पशु मेला के सौजन्य से आयोजित भव्य घुड़दौड़ प्रतियोगिता ने पूरे इलाके को उत्सव में बदल दिया। सुबह से ही दर्शकों की भारी भीड़ मैदान में उमड़ पड़ी। जैसे ही घोड़ों ने दौड़ शुरू की, तालियों, सीटियों और जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। प्रतियोगिता में बिहार, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल से आए नामी घोड़ों ने अपनी रफ्तार और फुर्ती से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन के तहत नाकंद, दो दांत और





पट्ठा घोड़ा, तीन श्रेणियों में दौड़ कराई गई। प्रत्येक श्रेणी में तीन-तीन राउंड हुए, जिससे मुकाबला और भी दिलचस्प बन गया। साथ ही घोड़ियों की विशेष दौड़ भी आकर्षण का केंद्र रही। सुबह करीब 11 बजे नाकंद घोड़े की दौड़ से प्रतियोगिता की शुरूआत हुई। इस वर्ग में मोतिहारी के फरहान अहमद ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। डुमरी के मुन्ना सिंह दूसरे और कुशीनगर की रूबी किनर तीसरे स्थान पर रहीं। इसके बाद दो दांत घोड़े की दौड़ में बक्सर के अजय सिंह का 'वीर' घोड़ा विजेता बना। मोकामा बाढ़ के स्वर्गीय विवेका पहलवान का 'सूरज' घोड़ा दूसरे और रूबी किनर का 'काला नाग' तीसरे स्थान पर रहा। दिन का सबसे रोमांचक मुकाबला पट्ठा घोड़े की दौड़ को माना गया। इस दौड़ में फरहान अहमद का 'उस्मान' घोड़ा अपनी तेज टाप से दर्शकों के बीच हलचल मचाते हुए प्रथम स्थान पर रहा। गढ़वार के रणजीत सिंह का 'बलिया एक्सप्रेस' दूसरे और चंदौली के सुमारु पहलवान का 'राजा' घोड़ा तीसरे स्थान पर रहा। घोड़ियों की दौड़ में बक्सर के अजय सिंह की 'बिजली रानी' ने प्रथम, लछुटोला के लालजी यादव की 'लक्ष्मी' ने द्वितीय और चक्की के दिल राम यादव की 'पारो रानी' ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता का उद्घाटन लोजपा नेता हुलास पाण्डेय सहित अन्य अतिथियों ने फीता काटकर किया। आयोजन समिति द्वारा अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। उद्घोषक विमलेश चौबे की जोशीली कमेंट्री ने दर्शकों में अतिरिक्त उत्साह भर दिया। समापन पर विजेता घोड़ों के मालिकों को सम्मानित किया गया। इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष रजनीकांत चौबे, डुमरी पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुँवर और जिला परिषद सदस्य कमलवास कुँवर ने सभी मुख्य अतिथियों का फूलमाला और अंगवस्त्र से भव्य स्वागत किया। आयोजन समिति ने इसे परंपरा और खेल भावना का अद्भुत संगम बताते हुए भविष्य में और भी भव्य आयोजन का भरोसा दिलाया। इससे पूर्व आयोजन समिति के अध्यक्ष रजनीकांत चौबे, डुमरी पंचायत के मुखिया प्रेम सागर कुँवर और जिला परिषद सदस्य कमलवास कुँवर ने सभी मुख्य अतिथियों का फूलमाला और अंगवस्त्र से भव्य स्वागत किया।

# पुराना भोजपुर में क्रिसमस बना आस्था और सामाजिक सौहार्द

**केटी न्यूज/डुमरांव**

पुराना भोजपुर में इस वर्ष क्रिसमस केवल एक धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और भाईचारे का जीवंत उत्सव बनकर सामने आया। संत जेवियर्स स्कूल और कैथोलिक चर्च परिसर में आयोजित कार्यक्रमों ने पूरे क्षेत्र को आस्था, उल्लास और सांस्कृतिक रंगों से भर दिया। प्रभु यीशु मसीह के जन्मोत्सव के अवसर पर मिशनरी समाज द्वारा किए गए भव्य आयोजन में हर वर्ग के लोग शामिल हुए, जिससे यह पर्व सामूहिक खुशियों का प्रतीक बन गया।



**रोशनी, सजावट और आध्यात्मिक अनुभूति**

क्रिसमस के मौके पर चर्च और स्कूल परिसर को बेहद सलीके और कलात्मकता से सजाया गया था। रंग-बिरंगी लाइटों से जगमगाता परिसर, सजे हुए क्रिसमस ट्री और आकर्षक झांकियों ने लोगों को पहली नजर में ही आकर्षित कर लिया। जैसे ही श्रद्धालु परिसर में प्रवेश करते, एक अलग ही आध्यात्मिक शांति और उत्सव का अहसास होता। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी इस माहौल में खुद को विशेष अनुभव करते नजर आए।

**मेला बना आकर्षण का केंद्र**

चर्च परिसर में लगे मेले ने उत्सव में चार चांद लगा दिए। खाने-पीने के स्टॉल, खिलौने, झूले और मनोरंजन के साधनों ने खासकर बच्चों और युवाओं को खूब लुभाया। हंसी-खुशी और चहल-पहल से भरा यह मेला पूरे आयोजन का प्रमुख आकर्षण रहा, जहां परिवारों ने एक साथ समय बिताया।

**प्रार्थना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने बांधा समां**

विशेष प्रार्थना सभा में प्रभु यीशु के प्रेम, त्याग और शांति के संदेश को आत्मसात करने का आह्वान किया गया। फादर भास्कर पीटर, फादर आरोग्य स्वामी एसजे, फादर अल्बर्ट इब्राहिम एसजे सहित अन्य गणमान्य लोगों ने समाज में सद्भाव और भाईचारे की आवश्यकता पर जोर दिया। बच्चों द्वारा प्रस्तुत क्रिसमस कैरोल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने माहौल को और भी भावनात्मक व भक्तिमय बना दिया।

# कला-संस्कृति और सामाजिक चेतना संगम का हुआ शुभारंभ




**केटी न्यूज/रोहतास**

स्थानीय शहर स्थित स्पोर्टिंग क्लब के परिसर में अभिनव कला संगम सांस्कृतिक सचेतना प्रतिनिधि मंच का शुभारंभ पूरे उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रतीकात्मक रूप से हरी झंडी दिखाकर किया गया, जिसके साथ ही पूरे क्षेत्र में कला, संस्कृति और सामाजिक जागरूकता का नया संदेश प्रसारित हुआ। इस भव्य आयोजन में क्षेत्र के प्रतिभाशाली स्थानीय कलाकारों, समाजसेवियों, बुद्धिजीवियों एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ा दिया। मंच पर प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों को न केवल मनोरंजन प्रदान किया। बल्कि उन्हें अपनी भारतीय परंपरा, लोकसंस्कृति और सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक भी किया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को भारतीय कला एवं संस्कृति से जोड़ते हुए सामाजिक चेतना का विकास करना रहा। नृत्य, संगीत, नाट्य प्रस्तुति एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से कलाकारों ने सामाजिक एकता, सकारात्मक सोच और नैतिक मूल्यों का प्रभावशाली संदेश दिया। अवसर पर आयोजकों ने बताया कि अभिनव कला संगम मंच आने वाले समय में भी इस तरह के कार्यक्रमों के माध्यम से सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण, युवा प्रतिभाओं के प्रोत्साहन तथा समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य करता रहेगा। कुल मिलाकर, यह आयोजन डेहरी क्षेत्र में सांस्कृतिक चेतना को सशक्त करने, नई ऊर्जा का संचार करने और समाज को रचनात्मक दिशा देने की दिशा में एक प्रशंसनीय और प्रेरणादायी पहल के रूप में यादगार साबित हुआ।

# सड़क दुर्घटना में दौड़ लगा रहे दो छात्रों की दर्दनाक मौत, कार्रवाई में जुटी पुलिस



हाईवा के चपेट में आने से बंजारी सीमेंट फैक्ट्री समीप हुआ हादसा

**केटी न्यूज/रोहतास**

जिला स्थित बंजारी सीमेंट फैक्ट्री के समीप सड़क किनारे दौड़ लगा रहे दो छात्रों की एक हाईवा की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। घटना गुरुवार की सुबह रोहतास थाना क्षेत्र के समहुता गांव के समीप की है और घटना के बाद वाहन चालक हाईवा लेकर मौके से फरार हो गया। दोनों मृतक काराकाट थाना क्षेत्र के मुंजी डिहरा गांव के निवासी बताए जाते हैं, जो समहुता गांव में रहकर पढ़ाई करते थे।

## दौड़ लगा रहे युवकों को हाईवा ने रौंदा

घटना के संदर्भ में मृतक रंजन कुमार के पिता हुलास सिंह ने बताया कि सुबह करीब 6 बजे उनका पुत्र दौड़ने के लिए अपने दोस्त आशीष के साथ घर से निकला था, तभी बंजारी सीमेंट फैक्ट्री के समीप दोनों एक अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आ गये। आनन-फानन में स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां चिकित्सक ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल दूसरे युवक को प्राथमिक उपचार के पश्चात हायर सेंटर के लिए रेफर किया गया, लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गई।

## घटना को अंजाम दे चालक फरार,जांच में जुटी पुलिस

दूसरी तरफ घटना की सूचना मिलते हीं मौके पर पहुंची रोहतास थाने की पुलिस ने दोनों शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। पुलिस के अनुसार, दोनों शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है तथा पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटी हुई है। इधर हादसे की सूचना मिलते हीं दोनों युवकों के घरों में कोहराम मचा हुआ है और परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों युवक मैट्रिक के छात्र थे और प्रतिदिन बिहार पुलिस व आर्मी की तैयारी के लिए सड़क किनारे दौड़ लगाते थे।

# आरा में बेखौफ बदमाशों का तांडव : दिनदहाड़े होटल कर्मी को गोलियों से किया छलनी

**एजेंसी/आरा**

बिहार के भोजपुर जिले के आरा शहर में अपराधियों के हौसले इस कदर बढ़ गए हैं कि अब सरेआम गोलीबारी की वारदातें सामने आने लगी हैं। ताजा मामला गजराजगंज थाना क्षेत्र के बामपाली इलाके का है जहां अज्ञात हथियारबंद बदमाशों ने एक होटल कर्मी को बीच सड़क पर रोककर गोलियों से छलनी कर दिया। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत फैल गई है।



**युवक गंभीर रूप से घायल :** प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बदमाशों ने युवक के मुंह पर पिस्तौल तानने के बाद उस पर लगातार चार गोलियां दागी। अचानक हुई फायरिंग से लोगों में भगदड़ मच गई और युवक गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। सूचना मिलते ही डायल-112 टीम मौके पर पहुंची और घायल को तुरंत एक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया जहां उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है।

**घायल की पहचान हुई :** घायल युवक की पहचान लखीसराय जिले के कियूल थाना क्षेत्र निवासी राजू पासवान (32) के रूप में हुई है। वह आरा के एक होटल में रसोई का काम करता है और परिवार के साथ करमन टोला में किराए पर रहता है। राजू ने बताया कि वह बामपाली एक होटल में नौकरी संबंधी बातचीत के लिए जा रहा था तभी बदमाशों ने उसे घेरकर फायरिंग कर दी।

**पुलिस जांच में जुटी :** घायल की पत्नी सुलेखा देवी ने बताया कि उनके पति काम के सिलसिले में अक्सर बाहर जाते हैं। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है और हमलावरों की तलाश में छापेमारी जारी है। इस घटना ने एक बार फिर शहर की कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# महाराजा कॉलेज में डॉ. रविकांत ने सहायक प्राध्यापक का पदभार संभाला

**केटी न्यूज/आरा**

महाराजा कॉलेज,आरा के राजनीति विज्ञान विभाग में डॉ. रविकांत रंजन ने सहायक प्राध्यापक के पद पर मंगलवार को योगदान किया। उन्होंने कॉलेज की प्राचार्य डॉ. कनकलता के समक्ष औपचारिक रूप से योगदान समर्पित किया। डॉ. रविकांत रंजन इससे पूर्व इसी विभाग में दो वर्षों तक गेस्ट फैकल्टी के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। उन्होंने वर्ष 2020 में वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय, आरा से राजनीति विज्ञान विषय में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उल्लेखनीय है कि डॉ. रंजन ने अपनी उच्च शिक्षा इसी विश्वविद्यालय से पूर्ण की है और अब इसी विश्वविद्यालय के अंतर्गत महाविद्यालय में उनकी नियुक्ति हुई है। उनकी प्रारंभिक शिक्षा भी आरा में ही हुई है। उनके योगदान पर विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। इस अवसर पर वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के सहायक कुलानुशासक डॉ. राकेश कुमार



रंजन, जगजीवन कॉलेज के रसायनशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. सुषमा कुमारी, एसबी कॉलेज वर्सर डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. मृत्युंजय कुमार, डॉ. सुशील कुमार, डॉ. अमित, डॉ. विजेंद्र सहित अन्य शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। अवसर पर प्राचार्य डॉ. कनकलाता ने कहा कि नई बहाली होने से महाविद्यालय को स्थाई प्राध्यापक मिले हैं। वर्तमान में महाविद्यालय में शिक्षक एवं कर्मचारियों की काफी कमी है। डॉक्टर रविकांत रंजन इसी महाविद्यालय में अतिथि शिक्षक के रूप में पहले से कार्यरत थे। अब आयोग से उनका चयन हो गया है। उनके अनुभव और अकादमिक दक्षता से राजनीति विज्ञान विभाग को नई दिशा और मजबूती मिलेगी।

## एक नजर

### मानवता : एसडीएम ने ठंड की ठिठुरन भरी रात में घूम-घूमकर असहाय गरीबों में बांटा कंबल



**बिक्रमगंज।** रोहतास जिले में बढ़ती ठंड की मौसम और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने दिखाई मानवता। जिसे लेकर जिले के विभिन्न प्रखंडों में प्रशासन द्वारा कंबल वितरण अभियान जारी है। जहां बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार ने मानवता का मिसाल कायम कर बुधवार की देर शाम अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों का भ्रमण कर असहाय लोगों के बीच कंबल वितरण किया। इस दौरान उन्होंने फुटपाथ पर सो रहे वृद्धों,असहायों और जरूरतमंद लोगों को जगा कर भी उन्हें कंबल दिया। साथ ही उन्होंने स्वयं सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थलों पर रह रहे निराश्रितों और दिव्यांगों को कंबल भी ओढ़ाया। इस संदर्भ में उन्होंने बताया कि रोहतास डीएम उदिता सिंह के निर्देश पर बिहार सरकार सामाजिक सुरक्षा कोषांग अंतर्गत ठंड से बचाव को लेकर राहत अभियान चलाया जा रहा है। जो ठंड के भीषण शीतलहर और गिरते तापमान को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा जरूरतमंदों और असहाय लोगों के लिए कंबल उपलब्ध कराए जा रहें हैं। जिस कार्य तहत काराकाट तलाव, बिक्रमगंज-तेंदुनी चौक व थाना चौक सहित सलेमपुर के झुग्गी बस्तीयों में एसडीएम स्वयं पहुंच लोगों को कंबल दिया। साथ ही अनुमंडल क्षेत्र के विभिन्न प्रखंडों में भी प्रशासनिक अधिकारियों के सहयोग से असहाय सैकड़ों गरीबों के बीच ठंड से राहत के लिए कंबल वितरण अभियान जारी है। दूसरी तरफ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कंबल पाकर असहाय लोग उन्हें खूब दुआएं दे रहें है।

### पुलिस ने छापेमारी कर 30 मवेशियों को तस्करों से किया मुक्त,आरोपी गिरफ्तार

**दिनारा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा-मोहनियां एनएच 319 मुख्य मार्ग पर बेलवैयां चौक के समीप पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक कंटेनर से 28 भैंस और दो बच्चे सहित कुल 30 मवेशियों को जब्त किया है।इस दौरान पुलिस ने मवेशियों के परिवहन में प्रयुक्त कंटेनर को भी अपने कब्जे में ले लिया है ।पुलिस ने इस मामले में संलिप्त पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में वार्ड संख्या 22 बिक्रमगंज निवासी दानिश कुरैशी, गुफरान कुरैशी,नेजाबुदीन कुरैशी तथा उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिला अंतर्गत ग्राम सईयारा मिठोपुर निवासी मो. जावेद और वाहन चालक मोहम्मद इजराइल शामिल हैं। जिस घटना संदर्भ में बताया जा रहा है कि कंटेनर को बिक्रमगंज की ओर से ले जाया जा रहा था। पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर यह सफलता मिली, जिसके बाद मौके पर पहुंचकर कंटेनर की तलाशी ली गई और मवेशियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। मामले में सभी पांचों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर उन्हें न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में जानकारी दिनारा थाना के प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष समीर कुमार सिंह द्वारा दी गई। पुलिस की इस बड़ी कार्रवाई से मवेशी तस्करी में संलिप्त लोगों में हड़कंप मच गया है। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना किया है।

### शराब कांड का आरोपी गिरफ्तार

**राजपुर।** शराब कांड के आरोपित राजपुर निवासी रामजी राम के बेटा दीपक राम को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।थानाध्यक्ष उलुम सलमा ने बताया कि पूर्व में छापेमारी के दौरान आरोपित के यहां से शराब बरामद हुआ था।छापेमारी की भनक लगने पर यह फरार हो गया था.गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को उसे गिरफ्तार करके न्यायालय के समक्ष सुपुर्द करते हुए जेल भेज दिया गया।

### पुलिस दो नाबालिग जेजेबी बोर्ड को सौंपा

**काराकाट।** स्थानीय थाना पुलिस ने जयश्री गांव में हुए मारपीट मामले में कांड संख्या 548/25 प्राथमिकी दर्ज किया। इस घटना में दो नाबालिगों को जुवेनाइल जस्टिस एक्ट के तहत किशोर न्याय बोर्ड यानी जेजेबी सासाराम को सौंप दिया गया। जयश्री निवासी सुरेंद्र सिंह के पुत्र मुकेश कुमार को भी आरोपी बनाया गया, लेकिन वह फरार बताया जा रहा है। थानाध्यक्ष विवेक कुमार के बयान पर कार्रवाई आगे बढ़ी।

### सासाराम में भी सूदखोरों का बाजार हुआ गुलजार, प्रशासन कसेगा नकेल

**सासाराम।** रोहतास जिले के सासाराम में अवैध सूदखोरी के खिलाफ प्रशासन सख्त रुख अपनाने की तैयारी में है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस और प्रशासन द्वारा शहर व आसपास के इलाकों में सक्रिय सूदखोरों की सूची तैयार की जा रही है, जिसके बाद उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा सकती है। बताया जा रहा है कि हाल के दिनों में कुदरा (कैमूर) में हुई बड़ी कार्रवाई के बाद सासाराम में भी सूदखोरी के मामलों पर विशेष नजर रखी जा रही है। कई पीड़ितों से मिली शिकायतों और खुफिया सूचनाओं के आधार पर संदिग्ध सूदखोरों की पहचान की जा रही है। सूत्रों का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद अवैध सूदखोरी, जबरन चेक व दस्तावेज रखने और धमकी जैसे मामलों में संबंधित लोगों पर एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जा सकती है। प्रशासन का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों को सूदखोरों के शोषण से राहत दिलाना बताया जा रहा है। हालांकि इस संबंध में अभी तक पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है, लेकिन आने वाले दिनों में बड़ी कार्रवाई की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा।

# बिहार में भूमि रिकॉर्ड डिजिटाइजेशन का अहम कदम, जिला स्तर से स्कैनिंग प्रमाण पत्र अनिवार्य




**एजेंसी/पटना**

बिहार में भूमि रिकॉर्ड के डिजिटाइजेशन की दिशा में एक अहम कदम उठाया गया है। राज्य के सभी जिलों में जिला भू-अर्जन कार्यालयों में उपलब्ध भूमि अधिग्रहण से जुड़े दस्तावेजों की स्कैनिंग का कार्य पूरी तरह समाप्त कर लिया गया है। अब इन अभिलेखों के सुरक्षित रखरखाव के साथ-साथ स्कैनिंग कार्य पूर्ण होने का प्रमाण पत्र जिला स्तर से देना अनिवार्य कर दिया गया है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के निदेशक ने सभी जिला भू-अर्जन पदाधिकारियों को निर्देश जारी किए हैं कि स्कैन किए गए दस्तावेजों की संख्या, कुल उपलब्ध अभिलेख और स्कैनिंग से जुड़ी विस्तृत जानकारी विभाग को प्रमाण पत्र के रूप में भेजी जाए। निदेशक ने स्पष्ट किया है कि स्कैनिंग प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि कोई अभिलेख अनुपलब्ध पाया जाता है या किसी तकनीकी या अन्य समस्या का सामना करना पड़ता है, तो उसकी जानकारी रिपोर्ट में देना अनिवार्य होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में लगभग 4.50 करोड़ जमाबंदियों को ऑनलाइन करने का कार्य पहले ही पूरा किया जा चुका है। हालांकि, ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान कई मामलों में त्रुटियां सामने आई हैं। इन त्रुटियों के सुधार के लिए विभाग ने ह्यपरिमार्जन प्लसह्ल योजना शुरू की है, जिसके तहत समय-सीमा निर्धारित की गई है। इस योजना के अनुसार, नाम, पिता का नाम, टाइपिंग या लिपिकीय त्रुटियों के सुधार के लिए अधिकतम 15 दिन का समय निर्धारित किया गया है। वहीं, लगान, खाता, खेसरा और अन्य तकनीकी राजस्व संबंधी गलतियों के सुधार के लिए 35 दिन और जटिल मामलों, जहां विस्तृत जांच की आवश्यकता होगी, उनके लिए 75 दिन में सुधार करने का निर्देश है। विभाग का मानना है कि इन कदमों से भूमि रिकॉर्ड प्रणाली अधिक पारदर्शी और भरोसेमंद बनेगी। इसके अलावा, आम लोगों को जमीन से जुड़े मामलों में बड़ी राहत मिलेगी और भूमि विवादों के समाधान में तेजी आएगी।

# इंद्रपुरी में आयोजित रामलीला के आठवें दिन भावविभोर डूबे भक्त

**केटी न्यूज/रोहतास**

लक्ष्मण शक्ति और श्रीराम विलाप की मार्मिक झांकी ने दर्शकों की आंखें नम कर दीं। इंद्रपुरी क्षेत्र के बडीहा गांव में आयोजित नव दिवसीय रामलीला महोत्सव के आठवें दिन लक्ष्मण शक्ति एवं श्रीराम विलाप की अत्यंत भावपूर्ण झांकी का मंचन किया गया। कलाकारों की सजीव प्रस्तुति और संवादों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को भावनाओं से भर दिया। झांकी के दौरान दोहा के माध्यम से प्रसंग को प्रस्तुत करते हुए बताया गया। तव प्रताप उर राखी प्रभु, जैहऊ नाथ तुरंत अस कही आयशु पाई, पद बंदी चलेऊ हनुमंत को विस्तार से दशार्या गया कि युद्ध के दौरान जब लक्ष्मण जी को शक्ति बाण लगता है, तब भगवान श्रीराम शोक में विलाप करते हुए कहते हैं कि यदि सूर्योदय से पूर्व संजीवनी नहीं आई तो उनके प्रिय भ्राता लक्ष्मण का प्राणांत हो जाएगा। इस करुण क्षण में हनुमान जी प्रभु से कहते हैं आज्ञा दीजिए प्रभु,तो मैं आज ही मृत्यु का भी वध कर दूं। झांकी के अंत में श्रीराम का विलाप दर्शकों के हृदय को छू गया। वे कहते हैं हे लक्ष्मण, तुमने मेरे हित के लिए माता पिता तक को छोड़ दिया। संसार में पुत्र और पत्नी फिर मिल सकते हैं, लेकिन सगा भाई दोबारा नहीं मिलता।इस संवाद के साथ पूरा पंडाल शोक और भक्ति रस में डूब गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से 20 सूत्री सदस्य एवं भाजपा जिला कोषाध्यक्ष आनंद कुमार पांडे, जदयू प्रखंड अध्यक्ष विकास सिंह, श्री रामायण प्रचारक मंडल मिजार्पुरउत्तर प्रदेश के संचालक राजेश चौरसिया, आयोजन समिति के अध्यक्ष उपेंद्र कुमार सहित कलाकार प्रमोद कुमार,नीलू कुमारी, भावेश पांडे, अक्षय पांडे, शशि भूषण पांडे, अमित सिंह, संजीत कुमार गुप्ता समेत सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे। रामलीला के इस मंचन ने न केवल धार्मिक आस्था को मजबूत किया,बल्कि भाई-भाई के प्रेम, त्याग और कर्तव्यबोध का अमिट संदेश भी जनमानस तक पहुंचाया।

केशव टाइम्स डिजिटल संस्करण



बक्सर, 26 दिसंबर 2025
website:keshavtimes.com
e-mail:keshavtimes1@gmail.com



# नए साल में पटना जू के टिकट के दाम बढ़े, ऑनलाइन बुकिंग शुरू




**एजेंसी। पटना**

नए साल के आगमन को लेकर पटना जू और राजधानी के प्रमुख पार्कों में तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। हर साल 1 जनवरी को उमड़ने वाली भारी भीड़ को देखते हुए इस बार प्रशासन ने विशेष इंतजाम किए हैं। इसी कड़ी में 25 दिसंबर से पटना जू के लिए ऑनलाइन एडवांस टिकट बुकिंग की सुविधा शुरू की जा रही है, ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके और लोगों को लंबी कतारों में खड़ा न होना पड़े। नए साल के दिन पटना जू में विशेष टिकट दरें लागू रहेंगी। इस दिन वयस्कों को सामान्य 50 रुपये की जगह 150 रुपये का टिकट लेना होगा, जबकि 5 से 12 वर्ष तक के बच्चों के लिए टिकट शुल्क 20 रुपये से बढ़ाकर 60 रुपये कर दिया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि यह बढ़ी हुई दरें केवल 1 जनवरी के लिए ही लागू होंगी। अधिकारियों का कहना है कि नए साल पर हर वर्ष रिकॉर्ड संख्या में दर्शक चिड़ियाघर पहुंचते हैं, ऐसे में यह व्यवस्था भीड़ प्रबंधन के लिहाज से जरूरी है।

### 10 अतिरिक्त टिकट काउंटर लगाए जाएंगे

भीड़ को सुचारू रूप से संभालने के लिए पटना जू प्रशासन ने 1 जनवरी को 10 अतिरिक्त टिकट काउंटर लगाने का फैसला किया है। सामान्य दिनों में जहां चार काउंटरों से टिकट बिक्री होती है, वहीं नए साल के दिन कुल 14 टिकट काउंटर सक्रिय रहेंगे। इसके अलावा सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षाकर्मी, होमगार्ड और स्टाफ की तैनाती की जाएगी, ताकि किसी भी तरह की अव्यवस्था न हो।

### पटना के पार्कों में भी बढ़ा टिकट शुल्क

नए साल को लेकर पटना के प्रमुख पार्कों में भी टिकट दरों में अस्थायी बढ़ोतरी की गई है। राजधानी के सबसे लोकप्रिय इको पार्क में 1 जनवरी को वयस्कों का टिकट 20 रुपये से बढ़ाकर 50 रुपये, जबकि बच्चों का टिकट 10 रुपये से बढ़ाकर 25 रुपये कर दिया गया है। इसी तरह शिवाजी पार्क, पुनाईचक पार्क, नवीन सिन्हा पार्क, वीर कुंवर सिंह पार्क और एसके पुरी चिल्ड्रन पार्क (बोरिंग रोड) सहित कुल 14 पार्कों में एक दिन के लिए विशेष टिकट दरें लागू रहेंगी।

### प्रशासन की अपील

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन टिकट बुकिंग का अधिक से अधिक उपयोग करें, तय समय पर पार्क और चिड़ियाघर पहुंचें तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें। अधिकारियों का कहना है कि इन व्यवस्थाओं का उद्देश्य लोगों को बेहतर सुविधा देना और नए साल का जश्न सुरक्षित व व्यवस्थित तरीके से मनाना है।

## एक नजर

### सेना भर्ती की तैयारी करने वाले दो युवकों को ट्रक ने कुचल, दोनों की मौके पर हुई मौत

**सासाराम।** सासाराम के रोहतास थाना क्षेत्र के समहुता में पुलिस भर्ती की तैयारी करने वाले दो युवकों को ट्रक ने कुचल दिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। आक्रोशित लोगों ने डेहरी-रोहतास पथ को समहुता में सड़क को जाम किया है। मृतक की पहचान आशीष कुमार और रंजन यादव के रुप में हुई है। घटना के संबंध में बताया जा है कि आज सुबह दोनों युवक सड़क किनारे दौड़ लगा रहे थे। इसी दौरान नियंत्रित ट्रक ने दोनों को कुशल दिया। जिससे आशीष कुमार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि रंजन यादव को वाराणसी ले जाने के क्रम में मौत हो गई। इस घटना के बाद परिजनों में हाहाकार मच गया। वहीं, दोनों मृतकों के पिता बंजारी स्थित सीमेंट फैक्ट्री में मजदूरी करते हैं। मृतक आशीष कुमार मूल रूप से काराकाट के मुंजी गांव का रहने वाला था। जबकि रंजन यादव समहुता के रहने वाले थे। सेना भर्ती के लिए युवक सड़क पर दौड़ लगाते हैं। इसी दौरान सुबह सवेरे धुंध के कारण ट्रक ड्राइवर ने सड़क पर दौड़ रहे इन लड़कों को कुचल दिया। घटना से नाराज लोगों ने डेहरी से रोहतास की ओर जाने वाली सड़क को समहुता के पास जाम कर दिया है। उधर दोनों शवो को पोस्टमार्टम के लिए सासाराम के सदर अस्पताल लाया भेज दिया गया है।

### बिहार में अपराधियों का तांडव : समस्तीपुर में भाजपा नेता की गोली मारकर हत्या



**समस्तीपुर।** समस्तीपुर में बेखौफ अपराधियों ने भाजपा नेता को गोली मारकर हत्या कर दिया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार की शाम में वे अपने घर के निकट ही चौक पर चाय नाश्ता करने निकला था ,तभी बाइक सवार बेखौफ बदमाशों ने उनपर अंधाधुंध फायरिंग कर पांच गोली मार दी। गम्भीर रूप से जख़्मी हालत में स्थानीय लोगों ने उसे प्रखंड अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया । पूरी घटना समस्तीपुर जिले के खानपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत शादीपुर वार्ड पांच की है जहां शादीपुर पुल के पास बेखौफ अपराधियों ने भाजपा नेता रूपक सहनी को गोली मारकर हत्या कर दिया। रूपक सहनी भाजपा संगठन में बूथ अध्यक्ष के पद पर कार्यरत था। मृतक भाजपा नेता की पहचान खानपुर थाना क्षेत्र शादीपुर गांव निवासी रामबाबू साहनी के 23 वर्षीय पुत्र रूपक सहनी के रूप में हुई है बताया जाता है कि उसके बड़े भाई दीपक साहनी भी भाजपा प्रखंड मीडिया प्रभारी है ।स्थानीय ग्रामीण का बताना है कि घटनास्थल पर काफी भीड़ था तो वहां रुक गए और इस अस्पताल में भर्ती कराए जहां प्रखंड अस्पताल में तैनात डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि जानकारी मिली है कि मृतक का पूर्व से कुछ विवाद चल रहा था।पुलिस पूरे मामले की छानबीन में जुटी हुई है। हत्या की सही वजह और पूरे मामले का खुलासा नहीं हो पाया है।

## मनेर थाना क्षेत्र में ड्रग्स कारोबार के खिलाफ पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई

# ड्रग्स माफियाओं पर पुलिस का बड़ा वार, 500 ग्राम ड्रग्स-चरस, 12 लाख नकद और हथियार हुए बरामद



**एजेंसी। पटना**

पटना जिले के मनेर थाना क्षेत्र में ड्रग्स कारोबार के खिलाफ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ड्रग्स माफियाओं के कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। गुप्त सूचना के आधार पर दानापुर डीएसपी-2 अमरेंद्र कुमार झा के नेतृत्व में मनेर पुलिस ने मनेर सरकारी अस्पताल मोड़ के पास ड्रग्स माफियाओं के तीन से चार घरों में छापा मारकर भारी मात्रा में मादक पदार्थ, नकदी और हथियार बरामद किए हैं।पुलिस की इस कार्रवाई में करीब 500 ग्राम ड्रग्स, 500 ग्राम चरस, एक देसी कट्टा, कुछ मैगजीन, लगभग 12 लाख रुपये नकद, इसके अलावा सोने-चांदी के गहने बरामद किए गए हैं। छापेमारी के दौरान एक महिला समेत कुल पांच लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है और उनसे गहन पूछताछ की जा रही है।जानकारी के अनुसार, मनेर नगर परिषद क्षेत्र के मनेर सरकारी अस्पताल मोड़ के पास स्थित एक चाय दुकान में ड्रग्स कारोबार की सूचना मिलने पर पुलिस ने विशेष रूप से कार्रवाई की। चाय दुकानदार से जुड़े कई घरों में पुलिस टीम ने घंटों तक तलाशी अभियान चलाया और घर के सामानों को बारीकी से खंगाला। इस दौरान अलग-अलग घरों से मादक पदार्थों के साथ कुछ शराब, हथियार और कीमती सामान भी बरामद किए गए।पुलिस ने जिन लोगों को हिरासत में लिया है, उनमें बस्ती रोड निवासी पवन कुमार का पुत्र वीरू कुमार, अस्पताल मोड़ निवासी शुभम गुप्ता, एक महिला ड्रग्स कारोबारी समेत कुल पांच लोग शामिल हैं। सभी से पूछताछ के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे पश्चिमी सिटी एसपी भानु प्रताप सिंह ने ड्रग्स माफियाओं से खुद भी मामले को लेकर विस्तृत पूछताछ की। सिटी एसपी पश्चिम भानु प्रताप सिंह ने बताया कि छापेमारी में मादक पदार्थों के साथ बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई है। पूरे नेटवर्क का खुलासा करने के लिए एक विशेष टीम गठित कर आगे भी छापेमारी की जा रही है। उन्होंने बताया कि फिलहाल महिला समेत करीब पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है और मामले की गहन जांच जारी है।

## मुंगेर में नकली सिगरेट फैक्ट्री का भंडाफोड़, 85 लाख कैश व हथियार बरामद, मिनीगन फैक्ट्री का भी खुलासा



**एजेंसी। पटना**

यदि आप भी सिगरेट पीते हैं, तो सावधान हो जाइए। क्योंकि मार्केट में नकली सिगरेट आ गया है, जिसकी पहचान किये बगैर लोग सेवन करते हैं और काल के गाल में समा जाते हैं। ताजा मामला बिहार के मुंगेर जिले का है, जहां की पुलिस ने एक बड़े फजीर्वाड़े का खुलासा किया है। पटना में नकली शराब फैक्ट्री के उद्भेदन के बाद अब मुंगेर जिले में नकली सिगरेट बनाने की फैक्ट्री का खुलासा किया गया है। वही मुंगेर पुलिस और एसटीएफ ने मिनीगन फैक्ट्री का भी खुलासा किया है। एक के बाद एक कार्रवाई में मुंगेर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। सबसे पहले बात नकली सिगरेट बनाने की फैक्ट्री की करते हैं। मुंगेर पुलिस ने वासुदेवपुर थाना क्षेत्र के नयागांव में छापेमारी कर नकली सिगरेट बनाने के कारखाना का उद्भेदन किया है। वहां से पुलिस ने नकली सिगरेट बनाने के कई उपकरण और नकली सिगरेट बरामद किया है। पुलिस ने मौके से 4 देसी पिस्टल और 85 लाख कैश बरामद किया है। इस दौरान दो लोगों को भी गिरफ्तार किया गया है। मुंगेर एसपी ने इस बात की जानकारी दी। वही मुंगेर पुलिस की दूसरी कार्रवाई तारापुर दियारा इलाके में हुई। जहां मुंगेर पुलिस और एसटीएफ ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए मिनीगन फैक्ट्री का उद्भेदन किया। पुलिस ने मौके से 3 हथियार बनाने वाले कारीगर, 2 निर्मित पिस्टल, एक अर्द्धनिर्मित पिस्टल, चार जिंदा कारतूस एवं अवैध आग्नेयास्त्र एवं हथियार बनाने के उपकरण के साथ एसटीएफ और जिला पुलिस ने दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। गौरतलब है कि पिछले दिनों 8 दिसंबर को भी मुंगेर में नकली सिगरेट बनाने की फैक्ट्री का खुलासा हुआ था। जहां भारी मात्रा में गोल्ड फ्लैक, कैपिस्टन और विल्स जैसे नामी ब्रांडों के नकली सिगरेट बनाया जाता था। जिसे बिहार और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में सप्लाई की जा रही थी। पुलिस ने छापेमारी कर लाखों रुपए मूल्य का नकली सिगरेट बरामद किया था। वही मौके से एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार किया गया था। जबकि मुख्य आरोपी मोहम्मद हयात खां पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया था। मुंगेर पुलिस ने सोमवार 8 दिसंबर की रात पूरबसराय थाना क्षेत्र के काली तजिया वार्ड संख्या 24 में स्थित हयात खां के घर पर छापेमारी कर पांच वर्षों से चल रही नकली सिगरेट फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया था।

## जहानाबाद में शराबबंदी की खुली पोल, नाली सफाई के दौरान सैकड़ों शराब की खाली बोतलें बरामद



**एजेंसी। पटना**

बिहार सरकार भले ही राज्य में पूर्ण शराबबंदी का दावा करती हो और इसे सख्ती से लागू करने की बात कहती हो, लेकिन इसकी जमीनी हकीकत कुछ और ही नजर आती है। जहानाबाद की यह तस्वीर शराबबंदी की पोल खोलने का काम कर रही है। यह तस्वीर जहानाबाद जिले के राजा बाजार इलाके से सामने आयी है, जहां नाली की सफाई के दौरान बड़ी संख्या में शराब की खाली बोतलें निकलने से शराबबंदी की सच्चाई उजागर हो गई है। नगर परिषद द्वारा कराई जा रही नाली सफाई के दौरान सफाईकर्मियों को महज 10 मिनट के भीतर 100 से अधिक शराब की बोतलें नाली से मिलीं। सफाईकर्मियों का कहना है कि नाली की सफाई अभी काफी दूर तक होनी बाकी है और आगे और भी बड़ी संख्या में बोतलें निकलने की संभावना है। सफाईकर्मियों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि ह्भैया, बिहार में शराबबंदी सिर्फ कागजों में है, हकीकत इससे बिल्कुल अलग है। यह घटना न सिर्फ प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़े करती है, बल्कि यह भी दशार्ती है कि जहानाबाद में शराब की खुलेआम खपत और तस्करी बदस्तूर जारी है। सवाल यह उठता है कि जब बिहार की सीमाओं पर चेकिंग, हर जिले में मद्य निषेध थाना और जगह-जगह पुलिस जांच का दावा किया जाता है, तो इतनी बड़ी मात्रा में शराब आखिर आ कहां से रही है? स्थानीय लोगों का कहना है कि चेकिंग के नाम पर अक्सर छोटे वाहनों को रोककर जांच की जाती है, जबकि बड़े वाहनों की जांच औपचारिकता बनकर रह जाती है। इसी का फायदा उठाकर शराब तस्कर भारी मात्रा में शराब बिहार में प्रवेश करा रहे हैं।

## बिहार में 1 जनवरी से ONLINE मिलेगा जमीन का नकल, हाईटेक हुआ राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग



**एजेंसी। पटना**

राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने आम नागरिकों को बड़ी राहत देते हुए एक ऐतिहासिक निर्णय लिया है। दिनांक 01 जनवरी 2026 से राज्य में राजस्व अभिलेखों की सत्यापित (नकल) प्रति प्राप्त करने की पारंपरिक भौतिक प्रणाली को पूरी तरह समाप्त कर दिया जाएगा। इसके स्थान पर अब केवल भू-अभिलेख पोर्टल के माध्यम से डिजिटल हस्ताक्षरित प्रतियाँ ही निर्गत की जाएँगी, जिन्हें विधिक रूप से सत्यापित प्रतिलिपि के रूप में मान्यता प्राप्त होगी। इस संबंध में विभाग के सचिव जय सिंह द्वारा सभी प्रमंडलीय आयुक्तों, समाहत्ताओं, जिला अभिलेखागारों के प्रभारी पदाधिकारियों एवं अंचल अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए गए हैं। बिहार के उपमुख्यमंत्री सह मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग का यह निर्णय आम नागरिकों की सुविधा, कार्य में पारदर्शिता और सुशासन की दिशा में एक निर्णायक कदम है। अब लोगों को सत्यापित नकल के लिए दफ्तरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। डिजिटल हस्ताक्षरित प्रतियाँ पूरी तरह वैधानिक हैं और कहीं भी मान्य होंगी। ये लोगों को आसानी से घर बैठे उपलब्ध होंगी। हमारा लक्ष्य है कि राजस्व सेवाएँ सरल, पारदर्शी और भ्रष्टाचार-मुक्त हों। डिजिटल बिहार की दिशा में भी यह एक महत्वपूर्ण कदम है। आम नागरिकों को इसके लिए अब कहीं भागदौड़ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अब तक राजस्व अभिलेखों की सत्यापित प्रति प्राप्त करने के लिए नागरिकों को कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते थे। चिरकुट आवेदन, स्टाम्प शुल्क, पंजी में प्रविष्टि, आदेश प्राप्ति और अंततः नकल निर्गत होने तक 7 से 14 दिनों का समय लग जाता था। यह प्रक्रिया विशेष रूप से ग्रामीण एवं दूर-दराज क्षेत्रों के नागरिकों के लिए श्रमसाध्य, खचीर्ली और कष्टकारी थी। विभाग ने स्पष्ट किया है कि भू-अभिलेख पोर्टल पर उपलब्ध डिजिटल हस्ताक्षरित प्रतियाँ पूरी तरह वैधानिक हैं। यह व्यवस्था राजस्व परिषद, बिहार की अधिसूचना (26 जून 2024) के अनुरूप है, जिसके तहत ऑनलाइन निर्गत एवं डिजिटल रूप से हस्ताक्षरित दस्तावेजों को प्रमाणित प्रतिलिपि माना गया है। इसके अतिरिक्त यदि कोई राजस्व अभिलेख ऑनलाइन उपलब्ध नहीं है, तो नागरिक उसकी ऑनलाइन माँग दर्ज कर सकते हैं, जिसे सत्यापन के बाद डिजिटल हस्ताक्षरित प्रति के रूप में पोर्टल पर उपलब्ध कराया जाएगा।

# बिहार में 28 दिसंबर तक शीत दिवस और घने कोहरे का अलर्ट



**एजेंसी। पटना**

पूरे बिहार में 28 दिसंबर तक शीत दिवस और घने कोहरे को लेकर मौसम विभाग ने चेतावनी जारी की है। राज्य में ठंड का असर लगातार बना हुआ है और सुबह के समय घना कोहरा लोगों की आवाजाही पर असर डाल रहा है। बुधवार को भागलपुर राज्य में सबसे अधिक ठंडा जिला रहा, जहां न्यूनतम तापमान 9.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि राजगीर में अधिकतम तापमान 21.4 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे गर्म स्थान रहा। गया जिले में सबसे अधिक घना कोहरा देखने को मिला, जहां दृश्यता घटकर लगभग 50 मीटर रह गई। वहीं राजधानी पटना में सुबह के समय घना कोहरा छाया रहा, जिससे सड़क और रेल यातायात प्रभावित हुआ। हालांकि दोपहर बाद हल्की धूप निकलने से लोगों को कुछ राहत मिली, लेकिन सर्दी का एहसास पूरे दिन बना रहा। बुधवार को राज्य का अधिकतम तापमान 14.5 से 21.2 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया गया, जबकि न्यूनतम तापमान 9.4 से 15.3 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिणी बिहार के कई जिलों में अधिकतम तापमान में 1 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की हल्की बढ़ोतरी देखी गई है, लेकिन ठंड से अभी राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने बताया है कि गुरुवार को राज्य के दक्षिणी, उत्तर-पश्चिम और उत्तर-मध्य जिलों के कुछ स्थानों पर घना कोहरा और शीत दिवस जैसी स्थिति बनी रह सकती है। वहीं उत्तर-पूर्वी बिहार के एक-दो स्थानों पर भी कोहरे का असर देखने को मिलेगा। शुक्रवार और शनिवार को भी राज्य के कुछ हिस्सों में घना कोहरा और शीत दिवस की स्थिति जारी रहने की संभावना है। रविवार को विशेष रूप से उत्तर-पश्चिम और उत्तर-मध्य बिहार के कई जिलों में घने कोहरे और ठंड का प्रभाव बढ़ सकता है। अगले एक सप्ताह तक मौसम शुष्क रहने का अनुमान है, जिससे कोहरा छाए रहने और शीत दिवस की स्थिति बनी रहने की आशंका जताई गई है। कोसी-सीमांचल क्षेत्र में मौसम का मिजाज सबसे अधिक सर्द बना हुआ है। खासकर पूर्णिया प्रमंडल में ठंड का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार 26 और 27 दिसंबर को पूर्णिया और सीमांचल के जिलों में घना कोहरा छाए रहने की प्रबल संभावना है। 28 दिसंबर को भी कोहरा और ठंड से राहत मिलने के आसार नहीं हैं। आने वाले चार से पांच दिनों तक मध्यम से घने स्तर का कोहरा छाया रह सकता है। हालांकि अगले तीन से चार दिनों में अधिकतम और न्यूनतम तापमान में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं जताई गई है। मौसम विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, सुबह-शाम अनावश्यक यात्रा से बचने और ठंड से बचाव के लिए जरूरी सावधानियां बरतने की सलाह दी है।

## सहरसा पुलिस ने बरामद की 197 लीटर विदेशी शराब और 30 लीटर कफ सिरप, 5 गिरफ्तार

**एजेंसी। सहरसा**

सहरसा के दो अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी कर 197 लीटर विदेशी शराब और 30 लीटर कफसिरप को जब्त किया है। वही 5 लोगों को पकड़ा, जिसमें दो किशोर भी शामिल है। इसको लेकर साईबर डीएसपी अजीत कुमार ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सहरसा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब और कारोबारी के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान सहरसा सदर थाना क्षेत्र के दो अलग अलग ठिकानो से शराब और कफसिरफ के साथ तीन कारोबारी को पकड़ा गया है। पहली कार्रवाई शहर के बटराहा में हुई है, जहाँ से पुलिस ने शशि कुमार के घर से 30.6 लीटर कफसिरफ जब्त किये और कुल पांच लोगों में एक वहां से मौका देखकर भाग निकला जबकि चार लोगों को पकड़ा गया जिसमें दो नाबालिक किशोर को विधि विरुद्ध निरुद्ध किये गए हैं। इसमें एक बलराम नाम का व्यक्ति खगड़िया के मानसी का रहने वाला है। जबकि दूसरा आरोपी शशि कुमार बटराहा मुहल्ले का ही है। दूसरी छापेमारी बुधवार के अहले सुबह बुद्धा पब्लिक स्कुल के समीप रमन के चारदिवारी के अंदर 197 लीटर विदेशी शराब छुपाकर रखी गई थी।